वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

Email:admissioncellvbspu@gmail.com

Fax.: (05452) 252344,252244
Web: www.vbspu.ac.in

पत्रांक : 756 /प्रवेश सेल/2022 दिनांक : 15.09.2022

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विषयों में सत्र 2022–24 में प्रवेश हेतु प्रथम चरण की काउंसिलिंग समाप्त हो गयी है। प्रथम चरण की काउंसलिंग के उपरान्त जिन पाठ्यक्रम में सीटो रिक्त है, उन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु द्वितीय/अन्तिम चरण की काउंसलिंग दिनांक–16.09.2022 को आयोजित होगी।

द्वितीय/अंन्तिम चरण की काउंसिलिग समाप्त होने के उपरान्त रिक्त/अवशेष सीटों पर प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों से ऑन–लाईन आवेदन प्राप्त करने हेतु दिनांक 18.09.2022 से 15.10.2022 तक विश्वविद्यालय पोर्टल पर विकल्प खोला जा रहा है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी **"पहले आओ एवं पहले पाओं"** के आधार पर विश्वविद्यालय पोर्टल पर आनलाईन आवेदन के उपरान्त सीधे सम्बन्धित पाठ्यक्रम के विभागाध्यक्ष से सम्पर्क कर रिक्त सीट पर प्रवेश ले सकते है। अन्तिम अवसर प्रदान किये जाने के क्रम में आरक्षित वर्ग की रिक्त सीटों पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया जायेगा, यदि अन्तिम अवसर प्रदान किये जाने के उपरान्त भी आरक्षित वर्ग की सीटें रिक्त रह जाती है, तों ऐसी रिक्त सीटों के सापेक्ष अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा।

उक्त से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाईट www.vbspu.ac.in पर भी उपलब्ध करायी जा रही है।

कुलसचिव
15/9/22

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष/समन्वयक–पी.यू.कैट–2022।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर पाठ्यक्रम को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया का क्रियान्वयन करने एवं रिक्त सीटों की सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. संयुक्त प्रबन्धक (साफ्टवेयर), मैसर्स यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना का संज्ञान लेते हुये अपनी कार्यवाही करने का कष्ट करें।
4. निजी सहायक–कुलपति, मा0 कुलपति जी के सज्ञानार्थ।
5. वरिष्ठ आशुलिपिक–वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी ।
6. सहायक कुलसचिव।
7. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाईट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
8. मीडिया प्रभारी, विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रस्तुत कि उक्त सूचना को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रसारित कराने का कष्ट करें।

कुलसचिव